दिनांक : 05.02.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

**मुख्य समाचार :-**

- दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ शुरू। 70 सीटों पर शाम 6 बजे तक डाले जाएंगे वोट।
- प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत प्रदेश में 10 लाख घरों का होगा निर्माण।
- मुख्यमंत्री आज प्रतिभाशली 7 हजार 900 छात्रों को स्कुटी का करेंगे वितरण।
- राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश ने 11 स्वर्ण सहित 23 पदक जीते।

**समाचार विस्तार से:-**

दिल्ली-मतदान

दिल्ली में आज विधानसभा की 70 सीटों के लिए मतदान शुरु हो गया है। सुबह 7 बजे शुरू हुआ मतदान शाम 6 बजे तक चलेगा। एक करोड़ 56 लाख से अधिक मतदाता छह सौ 99 उम्मीदवारों के चयन के लिए वोट डालेंगे। प्रमुख उम्मीदवारों में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, भारतीय जनता पार्टी के विजेन्द्र गुप्ता, प्रवेश वर्मा, रमेश बिधूड़ी और कांग्रेस की ओर से संदीप दीक्षित और अल्का लांबा चुनाव मैदान में हैं।

विधानसभा के 70 निर्वाचन क्षेत्रों में 13 हजार सात सौ से अधिक मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, इनमें से 70 मतदान केन्द्रों को पूर्ण रूप से महिलाएं और 70 अन्य मतदान केन्द्रों का प्रबंधन दिव्यांगजन कर रहे हैं।

प्रधानमत्री मोदी-महाकुंभ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले में जाएंगे। इस दौरान वे त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री मां गंगा का पूजन भी करेंगे। इस यत्रा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अरैल क्षेत्र में विशेष अलर्ट जारी किया गया है।

कैबिनेट निर्णय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के प्रदेश में क्रियान्वयन करने की स्वीकृति दी गई। योजना अनुसार प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर, निम्न तथा मध्यम आय वर्ग के पात्र हितग्राही परिवारों को योजना के चार घटकों के माध्यम से लाभान्वित करने के लिए 5 वर्षों की योजना अवधि में 10 लाख आवासों का निर्माण किया जायेगा। इसमें 50 हजार करोड़ रूपये व्यय होंगे। इस बार अफोर्डेबल हाउसिंग के तहत कामकाजी महिलाओं/औद्योगिक श्रमिकों/शहरी प्रवासियों बेघर निराश्रितों और छात्रों के लिए किराये के आवास बनाकर उपलब्ध किया जायेगा। योजना अनुसार कल्याणी महिलाओं, सिंगल वूमेन, दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों, ट्रांसजेंडर्स, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यकों तथा समाज के अन्य कमजोर एवं वंचित वर्गों के व्यक्तियों को वरीयता दी जाएगी। मंत्रिपरिषद के निर्णयों के बारे में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जानकारी दी।

मुख्यमंत्री स्कूटी योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में शासकीय स्कूलों के प्रतिभाशाली 7 हजार 900 बच्चों को निःशुल्क स्कूटी प्रदान करेंगे। प्रदेश में संचालित शासकीय हायर सेकण्डरी विद्यालयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी को निःशुल्क ई-स्कूटी प्रदान करने की योजना स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित की जा रही है। योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शासकीय विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को स्कूटी प्रदान की जाती है।

मुख्यमंत्री नर्मदापुरम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल नर्मदापुरम में नर्मदा प्रकटोत्सव और नर्मदापुरम गौरव दिवस समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि नर्मदापुरम को इंदौर-भोपाल की तरह ही विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में दूध की दुकानें खोली जाएगी एवं शराब की दुकानें बंद होगी। नर्मदापुरम जिले में इंजीनियरिंग कालेज खोला जाएगा। मुख्यमंत्री ने करीब 105 करोड़ रुपये के 30 विकास कार्यो का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। उन्होने सेठानी घाट में आटे से बने 1 लाख 25 हजार दीपक से दीपदान किया गया। इस अवसर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि माँ नर्मदा नदी ही एक ऐसी नदी है, जिनकी परिक्रमा कर लोग धन्य होते है। नर्मदा के जल से मालवा-निमाड़ एवं समूचे नर्मदांचल क्षेत्र के 48 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होती है।

शिवराज-वाटरशेड यात्रा

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज हाइब्रिड मोड में वाटरशेड यात्रा का शुभारंभ करेंगे, जिसका विषय ''जल लाए धन-धान्य'' होगा। कल नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि जन संपर्क अभियान का उद्देश्य वाटरशेड विकास गतिविधियों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। यह अभियान 26 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की 6 हजार छह सौ 73 ग्राम पंचायतों को कवर करेगा। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से जल संरक्षण और मिट्टी के क्षरण के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा की जाएगी। श्री चौहान ने अधिक से अधिक लोगों से अभियान से जुड़ने का आग्रह किया।

राष्ट्रीय खेल

उतराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेलों में मध्यप्रदेश की पुरुष बास्केटबॉल 3.3 टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया, जबकि महिला टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त, स्लालोम प्रतियोगिता में पल्लवी जगताप ने रजत पदक जीता है। अब तक प्रदेश ने 11 स्वर्ण, 6 रजत और 6 कांस्य सहित कुल 23 पदक जीतकर मैडल टैली में शीर्ष 5 में अपनी जगह सुनिश्चित की। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग और मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला ने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी है।

इंदौर महिला ड्रायवर

परिवहन विभाग के प्रयासों से इंदौर शहर को 34 महिला ड्रायवर मिली हैं। एक माह के प्रशिक्षण के बाद इन्हें कल प्रमाण पत्र दिए गए। अब शहर में कुल 434 महिला ड्रायवर मिल चुकी हैं। एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा 6 जनवरी से 30 दिवसीय महिलाओं का निःशुल्क ड्राइविंग ट्रेनिंग कैंप लगाया गया था। जिसका समापन कल हुआ। चयनित महिलाओं का प्रशिक्षण शासकीय ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट इंदौर में हुआ। अब तक 15 महिलाएं चालक की नौकरी विभिन्न संस्थानों में कर रही है। वहीं 27 महिलाओं को ई रिक्शा दिलवाए गए हैं।

कुछ समाचार संक्षेप में

ऽ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में राज्य की दीर्घकालिक ऊर्जा मांग की आपूर्ति के लिये कल एमपी पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी ने एनटीपीसी के साथ बिजली क्रय करने के लिये अनुबंध किया है।

ऽ नर्मदा जंयती के अवसर पर कल खंडवा जिले की तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में आस्था एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस दौरान नगरी में सुबह से ही अनेक धार्मिक आयोजन किए गए।

ऽ मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त सदस्य ऋषि कुमार यादव ने पन्ना प्रवास के दौरान कल स्थानीय सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

ऽ दक्षिण वन परिक्षेत्र के बजरंगगढ़ क्षेत्र में वन विभाग द्वारा भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 25 बीघा वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है।

-------